विद्युत अनियमितता नहीं सुधरी तो फ्रेंचाइजी एम.ओ.यू. पर करेंगे पुनर्विचार : देवनानी

अजमेर डिस्कॉम ने भी दिया नोटिस, जिला कलैक्टर को भी दिए सख्ती के निर्देश

- देवनानी ने कहा टाटा पावर सभी कार्यालयों पर मैन पावर बढ़ाए, मेंटीनेंस और सुधारों पर ध्यान दें, लोड कैपेसिटी बढ़ाए और कामकाज के हाल सुधारे

अजमेर, (कासं)। अजमेर शहर में बिजली संबंधी अनियमितताओं पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सख्त नाराजगी जताई है। उन्होंने टाटा पावर के अफसरों को फटकारा और कहा कि सात दिन में हालात नहीं सुधरे तो राज्य सरकार फ्रेंचाइसी एम.ओ.यू. पर पुनर्विचार करेगी। टाटा पावर आमजन के फोन उठाए और समाधान करें। देवनानी ने जिला कलैक्टर और अजमेर डिस्कॉम को भी सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिए। उनके निर्देशों के तहत डिस्कॉम ने भी टाटा पावर को नोटिस देकर जवाब तलब किया है।

अजमेर शहर में बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर गुरूवार को शहर के लोगों ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मुलाकात की। इस पर संज्ञान लेते हुए देवनानी ने तुरंत टाटा पावर के अफसरों को फोन लगा कर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि टाटा पावर को शहर की बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए फ्रेंचाइसी दी गई थी। लेकिन लम्बे समय से आमजन टाटा पावर की कार्यशैली और अव्यवस्थाओं से नाराज हैं। बिजली कटौती और गायब रहने की समस्याएं सामने आ रही हैं। टाटा पावर अपनी कार्यशैली सुधारे या कार्यवाही के लिए तैयार रहे। उन्होंने टाटा पावर को निर्देश दिए कि एक सप्ताह में अपनी कार्यशैली, रवैये, समस्या समाधान और आमजन को जवाब देने की स्थिति सुधारे। अगर टाटा पावर सुधार नहीं करता है तो राज्य सरकार से बात कर फ्रेंचाइजी एम.ओ.यू. पर पुनर्विचार किया जाएगा। टाटा पावर सभी कार्यालयों पर मैन पावर बढ़ाए, मेंटीनेंस और सुधारों पर ध्यान दें।

उन्होंने जिला कलैक्टर डॉ. भारती दीक्षित और अजमेर डिस्कॉम के चीफ इंजीनियर मुकेश बाल्दी को भी निर्देश दिए कि इस लापरवाही के खिलाफ सख्त एक्शन लें। टाटा पावर अगर एम.ओ.यू. के नियम व शर्तों का उल्लंघन कर रहा है तो उसके खिलाफ कार्यवाही करें। टाटा पावर की जनता के प्रति जवाबदेही तय होनी चाहिए।

उधर विधानसभा अध्यक्ष देवनानी के निर्देशों के तहत अजमेर डिस्कॉम ने भी टाटा पावर को नोटिस देकर जवाब तलब किया है। डिस्कॉम ने अपने नोटिस में कहा कि टाटा पावर यह बताए कि अजमेर शहर में एल.टी. व एच.टी. लाईन्स संबंधी मेंटिनेंस के लिए विद्युत क्षेत्र में वर्तमान में कितनी मैन पावर टीम कार्य कर रही है। उनके अधिनस्थ कितने कर्मचारी कार्यरत है। प्रत्येक टीम के कार्मिकों को क्या कार्य आवंटित किया जाता है। इसकी संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराए। जब टी.पी.ए.डी.एल. द्वारा अजमेर शहर की विद्युत सप्लाई वितरण का कार्य शुरू किया गया था तब शिफ्टींग पेर्टन वित्तीय वर्ष 2017-18 क्या था व तत्समय कुल कितने कर्मचारी टी.पी.ए.डी.एल. में व आउटसोर्सिग (अनुबंध के आधार पर) के रूप में कार्यरत थे। प्रत्येक वर्ष की स्वीकृत व कार्यरत पदों की संख्या आदिनांक तक वर्षवार उपलब्ध कराएं। साथ ही वर्तमान में मौजूद संपूर्ण स्टाफ मय काडर की सूचना विस्तृत रूप से उपलब्ध कराएं। टी.पी.ए.डी.एल. के अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों के सभी काडर की वांछित शैक्षणिक योग्यता व अनुभव क्या है। वर्तमान में कार्यरत व पदस्थापित कर्मचारियों की वास्तव में योग्यता व अनुभव क्या है। वर्तमान में कार्यरत सभी कर्मचारियों के नाम व पदवार मय योग्यता, अनुभव आदि की जानकारी उपलब्ध कराएं।

इसी तरह टाटा पावर द्वारा आपदा व आपातकालीन परिस्थितियों की पूर्ण रोकथाम करने के लिए पूर्व में कितनी टीमें थी व उनको क्या-क्या कार्य आंवटित थे। वर्तमान में विद्युत भार वृद्धि होने के मद्देनजर विद्युत टीमों की संख्या और कार्मिकों की वृद्धि हेतु क्या अपग्रेडेशन व सुधार किए गए है तथा आने वाले दो वर्षों में विद्युत लोड बढ़ने पर टी.पी.ए.डी.एल. की मानव संसाधनों में वृद्धि की क्या योजना होगी। विस्तार से स्थिति स्पष्ट करें। टी.पी.ए.डी.एल.अजमेर को विगत 3 वर्षो में कितने विद्युत संबंधी परिवाद प्राप्त हुए है। टाटा पावर द्वारा किन-किन अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध क्या अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई गई है। प्रायः देखा गया है कि कर्मचारियों के वर्ष में कई बार स्थानांतरण होते रहते है। अतः टी.पी.ए.डी.एल. स्थानांतरण पॉलिसी की जानकारी उपलब्ध कराएं।

चार चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी

मसूदा, (निसं)। उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत ने मसूदा के राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों के रहने के मामले में चार चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया।मसूदा राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में अव्यवस्थाओ को लेकर मसूदा विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत को शिकायत मिलने पर मसूदा उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत के साथ मसूदा चिकित्सालय का निरीक्षण किया था। जिसके दौरान चार चिकित्सकों के अवकाश पर होने की जानकारी दी गई। लेकिन मौके पर इन चिकित्सकों के अवकाश होने को लेकर कोई प्रार्थना पत्र एवं अनुमति होने को लेकर उपस्थिति पंजिका में कोई जानकारी नहीं होने से बुधवार को मसूदा उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत ने मसूदा चिकित्सा प्रभारी भारती शर्मा, चिकित्सक अमित कुमार, नरेन्द्र कुमार आर्य एवं महिला चिकित्सक को कारण बताओ नोटिस जारी किए। सबसे अहम बात यह है कि मसूद चिकित्सालय में वर्तमान में आठ चिकित्सक कार्यरत है साथ ही चिकित्सालय प्रभारी की ओर से रात्रि में आपातकालीन सेवा के लिए भी चिकित्सकों को लगाया जा रहा है।

सार-समाचार

विधायक गृह समिति में शामिल

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। विधायक डॉ विकास चौधरी को विधानसभा की पिछड़े वर्ग की कल्याण संबंधी समिति के साथ गृह समिति में भी सदस्य नियुक्त किया है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा विधानसभा संचालन के लिए गठित गृह समिति में विधायक विकास चौधरी को सदस्य नियुक्त किया है। समिति में सभापति पद पर छबडा विधायक प्रतापसिंह सिंघवी को मनोनीत करने के साथ विधायक डॉ विकास चौधरी, रमेश खींची, गोवर्धन, जबर सिंह सांखला, ललित मीणा, अनिल कुमार शर्मा, पुष्कर लाल डांगी, रफीक खान, देवेंद्र जोशी, कुलदीप, जेठानंद व्यास, शिखा मिल, प्रियंका चौधरी आदि विधायको को गृह समिति में सदस्य के रूप में जिम्मेदारी सौपी गई।

साहू को पीएचडी उपाधि मिली

अजमेर, (कासं)। नवल किशोर साहू पुत्र कैलाश चंद साहू निवासी अजमेर ने अपना शोधकार्य कार्बनिक एवं मेडिसिनल रासायन विज्ञान में डॉ.संदीप चौधरी एवं डॉ.मुकेश जैन के निर्देशन में एमएनआईटी जयपुर से पूरा किया। इस दौरान 6 अंतराष्ट्रीय शोधपत्र एवं एक पेटेंट का प्रकाशन भी किया गया। इनका शोध का विषय इंडोल अल्कालोड्सरू सिंथेसिस, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजिकल असेसमेंट हैं। साहू वर्तमान में राजकीय अभियांत्रिकी महविद्यालय भरतपुर में सहायक आचार्य रासायन विज्ञान के पद पर कार्यरत है। नवल किशोर साहू के द्वारा पीएचडी उपाधि मिलने के इस प्रकार के उत्कर्ष कार्य पर भारतीय पब्लिक लेबर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अन्नपूर्णा सेवा फाउंडेशन के चेयरमैन बाबूलाल साहू ने साहू समाज का नाम रोशन करने पर नवल किशोर साहू को बधाई देते हुए, उज्जवल भविष्य के साथ ही, राजकीय सेवा में रहते हुए राष्ट्रहित एवं सर्वसमाज सर्वहित में सदैव सेवा कार्य करते रहने की कामना भी की है।

प्रदेश सचिव ने किया पौधा रोपण

अजमेर, (कासं)। एक पेड़ अभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोपदड़ा अजमेर के बगीचे में प्रधानाचार्य शम्भूसिंह लाम्बा के नेतृत्व में जामुन का पेड़ लगाया गया। भंवर सिंह राठौड़, प्रदेश सचिव राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा जामुन के पेड़ के देखरेख की जिम्मेदारी ली गई। इस दौरान लालाराम राजोतिया, महेंद्र कुमार, अनिता गुप्ता, मनीषा घारू, सुरेश बायला आदि उपस्थित रहे।

आनासागर झील में एनसीसी कैडेट्स ने किया बोट पुलिंग

अजमेर, (कासं)। टू राज एनसीसी नेवल यूनिट के तत्वावधान में शुरू हुए दस दिवसीय वार्षिक कैंप में गुरुवार को दूसरे दिन राज्य के विभिन्न एनसीसी यूनिटस से आए कैडेट्स ने आनासागर झील में नौकायन किया।

एनसीसी नेवल यूनिट के तत्वावधान में शुरू हुए दस दिवसीय वार्षिक कैंप में एनसीसी नेवल कैडेट्स को नौकायन के तकनीकी गुरसिखाए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न कार्यक्रम होंगे। दस दिन के इस कैंप में कैडेट्स ने नाव को चप्पूओं के सहारे चलाना सिखाया गया। 2 राजएनसीसी के कमांडर मनीष सिंह ने हरी झंडी दिखाकर नौकायन की शुरुआत की, जिसमें नौकाओं को गर्ल्स और बॉयज कैडेट्स ने चप्पूओं के सहारे चलाया। मीडिया को जानकारी देते हुए कमांडर मनीष सिंह ने बताया कि यह वार्षिक कैंप है, जिसमें प्रदेश भर की एनसीसी यूनिट से नेवल कैडेट्स अजमेर आते हैं। इस कैम्प का फोकस नेवल सर्विस पर रहता है, जिसमें कैडेट्स को जानकारी दी जाती है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 110 कैडेट्स ने भाग लिया है जो कि प्रदेश की एनसीसी यूनिट से चुन कर आए हैं। उन्होंने बताया कि दस दिवसीय शिविर में कैडेट्स ने जो कुछ सीखा है, उसका गुरुवार को उसका कॉपीटिशन रखा गया था। कैडेट्स ने अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन किया है, उसका मूल्यांकन किया जाएगा उसके आधार पर कैडेट्स का चयन होगा, जो आगामी दिनों में मुंबई के लोनावला में होने वाले शिविर में भाग लेंगे।

अतिक्रमित भूमि पर चला प्रशासन का पीला पंजा

आसींद, (निसं)। भीलवाडा जिले के आसींद क्षेत्र के बराना पंचायत मुख्यालय पर रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों द्वारा उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार को लिखित में ग्रामीणों द्वारा शिकायत दर्ज कराई जिसमें बताया कि 15 वर्षों से अतिकर्मियों द्वारा अतिक्रमण कर रखा है जो आम रास्ते को भी बंद कर रखा है जिसको लेकर तहसीलदार द्वारा एक टीम गठित की गई जिसमें बराना पटवारी अनिल चौधरी सहित जाप्ता मौके पर पहुंचा एवं जेसीबी के माध्यम से अतिक्रमण हटाया गया। वहीं तहसीलदार भंवरलाल सेन ने जानकारी देते हुए बताएं कि जेसीबी द्वारा उक्त संपूर्ण रास्ते को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया जो लगभग 2 किलोमीटर रास्ते को खुलवाने से 50 कास्त कारों को राहत मिलेगी।

मारपीट मामले में हमला करने वालों की गिरफ्तारी की मांग

अजमेर, (कासं)। अखिल भारतीय कोली समाज के बैनर तले अलवर गेट थाना क्षेत्र के यूआईटी कॉलोनी हरिजन बस्ती गुर्जर धरती नगरा क्षेत्रवासी गुरुवार को एसपी ऑफिस पहुंचे, जहां उन्होंने एसपी को ज्ञापन सौंपकर मारपीट के शिकार पीडित् परिवर के लोगों को न्याय दिलाने की मांग की। क्षेत्रवासियों ने नामजद हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि मामले में 151 में चार लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस अपना पल्ला झाड़ रही है। एसपी ने पीडित् परिवार और क्षेत्रवासियों को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

मारपीट के शिकार पीडित् हुकमचंद के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने एसपी देवेंद्र कुमार विश्नोई से मुलाकात कर ज्ञापन सौंप कर मारपीट व जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस की कार्यवाही पर सवाल उठाए। कांग्रेसी नेता निर्मल बेरवाल, पीडित् हुकमचंद व क्षेत्रवासियों ने एसपी को बताया कि 16 जून को रात्रि 11:30 रात्रि पड़ौस में रहने वाले योगेश, बन्नू, गोलू, चांद उर्फ लल्लू, व योगेश का जीजा के अलावा 7-8 अन्य व्यक्तियों ने पत्थरों, डंडों व धारधार हथियारों से वहीं के रहने वाले एक अन्य युवक पंकज पुत्र पदम कुमार के साथ मारपीट की, जिससे पंकज के सिर में भी गंभीर चोट आई।

पकंज को बचाने के लिए ही रूपचंद व नन्नू बीच बचाव करने गए थे, इन लोगों उनके साथ भी मारपीट की जिससे रूपचंद के सिर में गंभीर चोट आई तथा नन्नू के पैर की अंगुल कट गई। उन्होंने बताया कि रूपचन्द की गंभीर हालत को देखते हुए इलाज के लिए जयपुर रैफर कर दिया था, जहां उसका उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि पीडित् परिवार द्वारा अलवर गेट थाना पुलिस को शिकायत भी दी गई थी, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीडित् ने बताया कि आरोपियों ने शराब के लिए पैसे मांगने के लिए रात को रोका था और मेरे साथ मारपीट की तथा जेब में रखे डेढ़ हजार रुपए भी निकाल लिए थे।

'जलभराव समस्या का निराकरण करें'

अजमेर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने निर्देश दिए हैं कि जिला प्रशासन अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के पेराफेरी गांवों में आबादी विस्तार का कार्य जुलाई तक पूर्ण करे। उन्होंने कहा कि बारिश के पूर्व ड्रेनेज और जलभराव की समस्या को चिंहित कर बचाव के इंतजाम कर लिए जाएं। शहर में सीवरेज के मेनहोल की समस्या भी सुधार ली जाए।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरूवार को सर्किट हाउस में जिला कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित एवं एडीए आयुक्त नित्या के. से शहर के विकास को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के पेराफेरी गांवों में लम्बे समय से आबादी विस्तार नहीं हुआ है। ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पेराफेरी गांवों में आबादी विस्तार की तुरंत जरूरत है। आबादी विस्तार का कार्य जुलाई तक पूर्ण कर लिया जाए। इसी तरह फॉयसागर रोड़ एवं हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनियाँ नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में नहीं होने के कारण वहां सफाई, रोशनी, नक्शा एवं अन्य विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं।

सार्वजनिक सुचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मैसर्स गुनगुन एसोसियेट्स एण्ड ओशियन मिनरल्स सी-512, एलआईसी आफीस के सामने आजाद नगर, भीलवाडा (राज) रजि, नंबर 06/BHL/2007/40 रजिस्ट्रारआफ फमर्स, भीलवाडा में पंजीबद्ध है। उक्त फर्म के भागीदारी विलेख के अनुसार फर्म में 1- श्री दिलीप चौधरीआत्मज श्री हिम्मतराम चौधरीनिवासी 13/584, ग्लास फेक्ट्री खेमपुरा, उदयपुर (राज.) 2-श्री आलोक गुप्ताआत्मज श्री सत्यपाल गुप्ता निवासी ए-3, रिको हाउसिंग कोलोनी, अजमेर रोड, व्यावर जिला अजमेर (राज.)भागीदार थे। यह है कि भागीदारी फर्म में निम्न संशोधन किये गये 1-दिंनाक 13.06.2013 दोपहर पूर्व से फर्म में श्री महेश चौधरी आत्मज श्री हिम्मतराम चौधरी निवासी 13/584, ग्लास फेक्ट्री खेमपुरा उदयपुर(राज.)को नये भागीदार की हैसियत से सम्मिलित हुये एवं दिनांक 13.06.2013 दोपहर बाद से श्री आलोक गुप्ता आत्मज श्रीसत्यपाल गुप्ता फर्म से सेवानिवृत हुये तत्पश्चात भागीदारी फर्म में दिंनाक 28.02.2014 से निम्न भागीदारसम्मिलित हुये 1-श्री सुरेन्द्र सिंह आत्मज श्री यशवन्त सिंह चुण्डावत निवासी वार्ड नंबर 11, कोशीथल तहसीलसहाडा जिला भीलवाडा (राज.) 2-श्री अमित यादव आत्मज श्री गजेन्द्र सिंह यादव निवासी पद्मावास तहसीलरेवाडी जिला रेवाडी (हरियाणा) एंव उसके पश्चात् उक्त फर्म में दिनाक 13.06.2024 दोपहर पुर्व से निम्न भागीदारसम्मिलित हुये 1-श्री पुष्पेन्द्र सिंह यादव आत्मज श्री ओंकारसिंह यादवनिवासी 401, संघीरेजीडेन्सी, बैंक आफबडौदा के सामने राईट टाउन जबलपुर (मध्य प्रदेश) 2-श्री पीयुष सिंह यादव आत्मज श्री पुष्पेन्द्र सिंह यादव निवासी 401, संधी रेजीडेन्सी, बैंक आफ बडौदा के सामने, राईट टाउन, जबलपुर (मध्य प्रदेश) 3-श्रीप्रत्युष सिंह यादव आत्मज श्री पुष्पेन्द्र सिंह यादव निवासी 401, संघी रेजीडेन्सी बैंक आफ बडौदा के सामने, राईट टाउन, जबलपुर(मध्य प्रदेश)एवं दिंनाक 13.06.2024 दोपहर बाद श्री दिलीप चौधरी श्री महेश चौधरी श्री सुरेन्द्र सिंह चुण्डावत एंव श्री अमित यादव फर्म से सेवा निवृत हुये। यह है कि भागीदारी फर्म का नया मुख्यालय सत्य नगर (बेमाली चौराया) पोस्ट दहीमथा तहसील करेडा जिला भीलवाडा(राज.)311804 इस संबध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपना आपत्ति पत्र मय प्रमाणित एंव ठोस दस्तावेज के समाचार पत्र मेंप्रकाशन की दिनाक से 15 दिन में फर्म के मुख्यालय व रजिस्ट्रार आफ फमर्स, जिला उद्योग केन्द्र, भीलवाडा में प्रस्तुत करे। बाद मियाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

वास्ते मैसर्स गुनगुन एसोसियेट्स एण्डओशियनमिनरल्स
सी-512, एलआईसी आफीस के सामने, आजाद नगर,
दिनांक:27.06.2024 भीलवाड़ा (राज.)

बेरोजगार युवको ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

अराई, (निसं)। अराई उपखंड मुख्यालय पर गुरुवार को प्रशिक्षित पुरुष वर्ग बेरोजगारों ने शिक्षक भर्ती लेवल 1 परीक्षा में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने की घोषणा का विरोध किया है उन्होंने तहसीलदार हरिराम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया अराई में बेरोजगारों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा हाल ही में महिलाओं के लिए शिक्षक भर्ती लेवल 1 में 30 प्रतिशत से बढाकर 50 प्रतिशत करने पर आक्रोश जताया है ज्ञापन में महिला आरक्षण को पुन 30 प्रतिशत करने की मांग की गई है ज्ञापन में शिक्षक भर्ती लेवल वन में महिलाओं के आरक्षण को 30 प्रतिशत से बढाकर 50इ कर देना न्यायोचित नहीं है सभी बेरोजगार युवाओं ने कहां की हमारे साथ अन्याय हो गया है महिला सशक्तिकरण के प्रयास में लड़कों के साथ भेदभाव किया जा रहा है ज्ञापन में पुरुष वर्ग बेरोजगारों ने निर्णय पर पुन गंभीरता से विचार कर निर्णय वापस लिए जाने की मांग की।

टाटा पावर डिस्ट्रीब्यूशन का ठेका समाप्त करने की मांग

- महासंघ ने कलेक्टर को सौंपा मुख्यमंत्री ने नाम का ज्ञापन

अजमेर, (कासं)। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियों ने गुरवार को कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपकर अजमेर से टाटा पावर अजमेर डिस्ट्रीब्यूशन का ठेका समाप्त करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर में बिना पूर्व सूचना के कई घंटों तक बिजली गुल रहती है।

श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के अध्यक्ष महेन्द्र बंसल और महासचिव रमेश लालवानी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीन कार्यरत टाटा पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड द्वारा अजमेर समार्ट सिटी में विद्युत की आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं कर पाने के कारण शहर की विद्युत आपूर्ति कहीं चार घंटे, तो कहीं छह घंटे और नौ घंटे तक निरनतर बंद रहने से मानव जीवन अस्त व्यस्त हो गया। गर्मी, अंधेरे में कोई कार्य नही करपाने के कारण लोगों का हाल बुरा हो गया। इस संबंध में हजारी बाग पावर हाउस पर पिछले दिनों लोगों के द्वारा विरोध प्रदर्शन भी किया जा चुका है। टाटा पावर अजमेर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के द्वारा विद्युत वितरण के लिए बहुत की कम कर्मचारी और अधिकारी नियुक्त किए हुए है जो कि व्यवस्थाओं को नहीं संभाल पाते है। महासंघ के पदाधिकारियो ने बताया कि इलेक्ट्रोनिक्स उपकरण विद्युत आपूर्ति अचानक बन्द हो जाने से उनकी क्षति हो जाती है और कार्य में भी व्यवधान उत्पन्न होता है। इसलिए टाटा पावर अजमेर का विद्युत आपूर्ति का ठेका निरस्त किया जाए। ज्ञपन देने वालों में अध्यक्ष महेंद्र बंसल, महासचिव रमेश लालवानी, खुशाल आदि उपस्थित थे।

कार की टक्कर से स्कूटी सवार कांग्रेस पार्षद घायल

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। अंराई रोड स्थित बाजेड़ा बालाजी मंदिर के पास स्विफ्ट कार की टक्कर से स्कूटी सवार कांग्रेस पार्षद घायल हो गया। पार्षद जोशी ने भू-माफियों पर षड़यंत्र पूर्वक हमला करने का आरोप लगाया है।

पार्षद जोशी ने बताया कि बाजेड़ा बालाजी के पास मेडिकल स्टोर से रवाना होकर वह घर जा रहा था। इसी दौरान दोपहर में पिछे से आ रही स्विफ्ट डिजायर के चालक ने जान से मारने की नियत से स्कूटी के टक्कर मार दी, जिससे वह उछलकर दूर जा गिरा। लोगों ने घायल अवस्था में राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल में भर्ती कराया।

किशनगढ़ सिटी थाना पुलिस ने पार्षद जोशी की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी जोगियो का नाड़ा निवासी गणेश नाथ पुत्र कालूनाथ, मनीष सहित 3-4 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अस्पताल अधीक्षक व स्मार्ट सिटी टीम ने जांची व्यवस्थाए

- नवनिर्मित पीडिएट्रिक ब्लॉक भवन निरीक्षण

अजमेर, (कासं)। संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल परिसर में स्मार्ट सिटी योजना के तहत बनाए गए नवनिर्मित पीडिएट्रिक ब्लॉक के नए भवन का गुरुवार को निरीक्षण किया। मॉक ड्रिल कर व्यवस्थाएं जांची और जहां कमियां पाई गई उन्हें तत्काल सही करने के दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

स्मार्ट सिटी योजना के तहत जेएलएन अस्पताल परिसर में बने नवनिर्मित पीडिएट्रिक ब्लॉक भवन का लोकार्पण से पूर्व गुरुवर को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के कार्यवाहक अधीक्षक डॉ.जीसी मीणा, उपअधीक्षक डॉ.अमित माथुर सहित स्मार्ट सिटी के अधिकारियों सभी व्यवस्थाओं को जांचा। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को शीघ्र दूर करने के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

मालूम हो कि पिछले दिनों विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी नए पीडिएट्रिक ब्लॉक भवन का निरीक्षण किया था। देवनानी ने अस्पताल प्रशासन से 30 जून तक इसकी फाइनल रिपोर्ट मांगी थी। जल्द ही पीडिएट्रिक ब्लॉक और पीजी गर्ल्स हॉस्टल का लोकार्पण किया जाना तय है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ.मीणा सहित शिशु रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.पुखराज गर्ग ने नवनिर्मित भवन के सभी फ्लोर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां खामियां पाई गई, उन्हें तत्काल सही करने के लिए स्मार्ट सिटी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अधिकारियों ने बताया कि जुलाई माह के पहले सप्ताह में स्मार्ट सिटी के दो प्रोजेक्ट्स के लोकार्पण की संभावना जताई हैं, जिसमें नवनिर्मित पीडियाट्रिक भवन व पीजी गर्ल्स हॉस्टल शामिल है।

प्रभारी मंत्री ने ली बैठक, योजनाओं में बेहतर प्रगति एवं आमजन को लाभान्वित करने के दिए निर्देश

जिला अस्पताल एवं नगर परिषद का किया निरीक्षण

...त शासन मंत्री महोदय
...झाबर सिंह जी खर्रा
श्रीमती ...
शंकर सिंह रावत
विधायक, ब्यावर
नरेश कनौजिया
सभापति नगर परिषद, ब्यावर

प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ब्यावर जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहे।

ब्यावर, (निसं)। स्वायत शासन विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा गुरुवार को ब्यावर जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहे।प्रभारी मंत्री ने राजकीय अमृतकौर जिला अस्पताल निरीक्षण किया। प्रत्येक वार्ड में जाकर भर्ती मरीजों से बात की। उन्होंने अस्पताल परिसर में वार्ड में मरीजों के लिए कूलर एवं पीने के पानी की व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सकीय प्रबंधन बेहतर रखें एवं मरीज का त्वरित उपचार हो। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले के चिकित्सा के बारे में स्थिति की जानकारी ली।इस दौरान सीएमएचओ संजय गहलोत, पीएमओ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

नगर परिषद का भी किया निरीक्षण:- जिला अस्पताल के निरीक्षण के पश्चात प्रभारी मंत्री ने नगर परिषद परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर परिषद के प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नगर परिषद शहर की साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखे। उन्होंने भूमि का चिन्हीकरण करने, बेहतर कचरा प्रबंधन करने, मानसून से पूर्व सभी नालों की सफाई करवा मेनहोल ढकवाने के निर्देश दिए। इस दौरान ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, जिला कलेक्टर उत्सव कौशल, नगर परिषद सभापति नरेश कनोजिया, आयुक्त श्रवण राम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक:- निरीक्षण के पश्चात जिला कलेक्ट्रेट में प्रभारी मंत्री ने प्रमुख विभागो के अधिकारियों की बैठक ली। जिला कलेक्टर कौशल ने प्रभारी मंत्री को जिले की वर्तमान स्थिति के बारे में अवगत कराया।उन्होंने जिला परिषद एसीईओ से मनरेगा व ग्रामीण क्षेत्रों के कार्यों के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने आगामी वृक्षारोपण अभियान के लक्ष्यों की जानकारी ली एवं अभियान की सफल क्रियान्विती के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति करने, झूलते तारो व खंभों को रिपेयर करने के निर्देश दिए जिससे की किसी प्रकार की घटना न घटे।उन्होंने पेयजल विभाग के अधिकारी से जिले के पेयजल आपूर्ति एवं मांग के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि जिले के शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी निरंतर अंतराल में आपूर्ति हो। प्रभारी मंत्री ने पीडब्लूडी से जिले में सड़को की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि बारिश के मौसम में दुर्घटना से बचाव के लिए खड्डे को पेचवर्क कर रिपेयर करे। उन्होंने खनन विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन एवं परिवहन को सख्ती से रोकने के निर्देश दिए।

शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि जिले में सभी विद्यालयों में विद्युत व पेयजल कनेक्शन शत प्रतिशत रहे एवं जिन विद्यालयों में कनेक्शन नहीं है उनकी सूची तैयार कर रिपोर्ट जिला प्रशासन को प्रस्तुत करें। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों से जिले में पशुओं के लिए आवश्यक दवाइयां, डॉक्टर, स्टाफ इत्यादि की जानकारी लेते हुए कहा कि जिले की गौशालाओं में चारे,पानी की उपलब्धता पर्याप्त रखे। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में राजस्व की स्थिति की जानकारी ली एवं कहा कि राजस्व से जुड़े लंबित विभिन्न प्रकरणों का जल्द से जल्द निस्तारण करें।इसके अतिरिक्त उन्होंने श्रम, रिको, कृषि, वन, पुलिस सहित समस्त विभागों के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी फील्ड में रहकर स्वयं के विभाग से संबंधित योजनाओं व कार्यों की लगातार मॉनिटर करें एवं आमजन की शिकायतों का त्वरित रूप से निस्तारण करें। बैठक में ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह, नगर परिषद सभापति नरेश आदि मौजूद रहे।

विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी आज

मसूदा, (निसं)। मसूदा विद्युत वितरण निगम के कनिष्ठ अभियंता ने जानकारी देते हुए कहा कि अति आवश्यक तकनिकी समस्या के निवारण हेतु शुक्रवार को 132 केवी मसूदा जीएसएस आवश्यक रखरखाव मरम्मत कार्य हेतु विद्युत आपूर्ति सुबह 7:00 बजे से 9:00 बजे तक बंद रहेगी इससे जुड़े 33/केवी जीएसएस मसूदा शेरगढ़, रामगढ़ ,जामोला लोडियाना ,खरवा से संबंधित ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की आपूर्ति बंद रहेगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत सुरडिया पंचायत समिति जवाजा, जिला-ब्यावर (राज.)

क्रमांक-ग्रा.पं./निविदा बोली/2024-28/54 दिनांक-27.6.2024

ई निविदा सूचना संख्या-01/2024-25

ग्राम पंचायत सुरडिया के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री कय हेतु ई-टेण्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा ई-बोली आमंत्रित की जाती हैं। निर्माण सामग्री कय हेतु इच्छुक वास्तविक विनिर्माताओं/ थोक विक्रेता/वाणिज्यिक कर विभाग/ उद्योग विभाग में रजिस्टर्ड प्रतिष्ठानों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती हैं।

NIB CODE- PAB2425A0006 UBN-PAB2425WSRC0007

सरपंच
ग्राम पंचायत सुरडिया
पंचायत समिति जवाजा, जिला-ब्यावर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सुरडिया
पंचायत समिति जवाजा, जिला-ब्यावर

कार्यालय ग्राम पंचायत राजियावास पंचायत समिति जवाजा, जिला - ब्यावर (राज.)

क्रमांक-ग्रा.पं./निविदा बोली/2024-25/38 दिनांक-27.6.2024

ई निविदा सूचना संख्या-01/2024-25

ग्राम पंचायत राजियावास के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री कय हेतु ई-टेण्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा ई-बोली आमंत्रित की जाती हैं। निर्माण सामग्री क्रय हेतु इच्छुक वास्तविक विनिर्माताओं/थोक विक्रेता/वाणिज्यिक कर विभाग/ उद्योग विभाग में रजिस्टर्ड प्रतिष्ठानों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती हैं।

NIB CODE- PAB2425A0007 UBN-PAB2425WSRC0008

सरपंच
ग्राम पंचायत राजियावास
पंचायत समिति जवाजा, जिला-ब्यावर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत राजियावास
पंचायत समिति जवाजा, जिला-ब्यावर

कार्यालय नगर पालिका मण्डल जहाजपुर (शाहपुरा)

EMail Id- mbjahazpur@gmail.com Phone No 1485-294101

क्रमांक / नपाज / 2023-2024 / 919 दि. 27.6.2024

खुली बोली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका जहाजपुर की और से इस वर्ष 2024-25 हेतू निम्नांकित कार्य की खूली दिनांक 05/7/24. को समय 12.00 P.M. बजे लगाई जायेगी है। जो भी व्यक्ति खुली बोली लगाना चाहते है वह निर्धारित दिनांक को कार्यालय में उपस्थित होकर बोली लगा सकते है।

क्र स	कार्य का नाम	अमानत राशि	सरकारी बोली राशि	बोली दिनांक	समय
1	मृत मवेशी उठाने का ठेका	12000	10000	05/07/24	12.00 P.M.
2	तहबाजारी शुल्क वसूली कार्य	20000	10000	05/07/24	12.00 P.M.
3	बस शुल्क वसूली कार्य	20000	10000	05/07/24	12.00 P.M.

अध्यक्ष
नगरपालिका जहाजपुर

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका जहाजपुर